# स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी उ.मा. विद्यालय,..................................
## जिला–बस्तर

### संविदा नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप वर्ष–2025

स्वयं द्वारा सत्यापित पासपोर्ट साईज फोटो

**आवेदित पद का नाम.............................. विषय.........................**

प्रति,

जिला शिक्षा अधिकारी
जगदलपुर, जिला–बस्तर

1– आवेदक का नाम (हिन्दी में) ......................................................................
(अंग्रेजी के कैपिटल लेटर में) ......................................................................

2– पिता / पति का नाम (हिन्दी में) ......................................................................
(अंग्रेजी के कैपिटल लेटर में) ......................................................................

3– लिंग ......................................................................

4– जन्म तिथि (अंको में) ......................................................................
(शब्दों में) ......................................................................

5– जाति वर्ग (अ.जा. / अ.ज.जा / अ.पि.व / सामान्य)
(अ.जा. / अ.ज.जा / अ.पि.व की स्थिति में सक्षम अधिकारी के द्वारा जारी प्रमाण–पत्र संलग्न करें)

6– आयु (दिनांकः 01.01.2025) की स्थिति में वर्ष.....................माह................ दिन.............

7– छत्तीसगढ़ के मूल निवास का विवरणः जिला–.................तहसील–.......................ग्राम–......
(सक्षम अधिकारी के द्वारा जारी निवास प्रमाण–पत्र संलग्न करें)

8– रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन क्रमांक व नवीनीकरण तिथि................................................
(प्रमाण पत्र संलग्न करें)

9– वर्तमान पता ......................................................................
......................................................................

10– स्थायी पता ......................................................................
......................................................................

11– ई–मेल एड्रेस एवं मोबाईल नम्बर ......................................................................

12— शैक्षणिक एवं व्यावसायिक योग्यता:—

| क्र | परीक्षा का नाम | शिक्षा का माध्यम हिंदी/अंग्रेजी | उत्तीर्ण वर्ष | परीक्षा में सम्मिलित विषय व संकाय | बोर्ड/विश्व विद्यालय का नाम | प्राप्तांक/पूर्णांक | प्रतिशत | श्रेणी/ग्रेड |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 5वीं | | | | | | | |
| 2 | 8वीं | | | | | | | |
| 3 | 10वीं | | | | | | | |
| 4 | 12वीं | | | | | | | |
| 5 | स्नातक | | | | | | | |
| 6 | स्नातकोत्तर | | | | | | | |
| 7 | डी.एड./डी. एल.एड. | | | | | | | |
| 8 | बी.एड. | | | | | | | |
| 9 | अन्य योग्यताएं | | | | | | | |
| 10 | | | | | | | | |

**<u>संलग्न प्रमाणपत्रों की सूची</u>** :—

अ. शैक्षणिक योग्यता अंतर्गत 5वीं/8वीं/10वीं/12वीं/स्नातक/स्नातकोत्तर परीक्षा के अंक सूची की छायाप्रति।

ब. व्यावसायिक एवं अन्य योग्यताओं के परीक्षाओं के अंकसूची की छायाप्रति।

स. जाति प्रमाण पत्र की छायाप्रति।

द. निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति।

ई. रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र की छायाप्रति।

## अभ्यर्थी का घोषणा पत्र

मैं घोषणा करता/करती हूँ कि उपरोक्त आवेदन पत्र के बिन्दु क्रमांक 01 से 12 तक में दी गई सम्पूर्ण जानकारी सत्य है। किसी भी प्रकार की गलत जानकारी प्रस्तुत करने के कारण मुझे चयन प्रक्रिया से निष्कासित किया जा सकता है एवं मेरे विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा सकेगी। मैने यह आवेदन पत्र सम्पूर्ण विज्ञापन को पढ़कर एवं समझ कर भरा है।

स्थान :— ——————

दिनांक :— ——————

आवेदक का हस्ताक्षर

नाम :——————

# कार्यालय कलेक्टर (शिक्षा विभाग) जिला बस्तर जगदलपुर (छत्तीसगढ़)

क्रमांक / 4028 / उ.अं.मा.वि. / संविदा / विज्ञापन / 2025, जगदलपुर दिनांक 28/03/2025

## –: विज्ञापन :–

छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर के पत्र क्रमांक एफ 23–08 / 2020 / 20–03 / 6 दिनांक 03 / 07 / 2020, संचालक लोक शिक्षण संचालनालय रायपुर के पत्र कमांक / स्वा.अ.अं. मा / 2021–22 / 259 रायपुर दिनांक 13 / 07 / 2021, छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर का आदेश कमांक 161 दिनॉक 10.05.2021 तथा पत्र कमांक 53,54,55,56 दिनॉक 24.06.2022 एवं छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर का आदेश कमांक 1662, 1664, 1666, 1668, 1670, 1672 एवं 1674 दिनॉक 02 / 05 / 2023 के अनुपालन में बस्तर जिले में संचालित **स्वामी विवेकानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय जगदलपुर एवं स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बस्तर, तोकापाल, दरभा, करपावण्ड, किलेपाल, लोहण्डीगुड़ा, धरमपुरा, नानगुर, बकावण्ड, भानपुरी, माड़पाल, बास्तानार, करीतगांव, बड़ेचकवा, अलनार, करंजी एवं मांझीगुड़ा चिंगपाल** के लिए शिक्षकीय एवं गैर शिक्षकीय रिक्त / बैकलाग पदों पर संविदा नियुक्ति की जानी है। इस हेतु योग्य उम्मीदवारों से विज्ञापन में निहित शर्तो के अन्तर्गत निर्धारित प्रारुप में आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। आवेदक अपना आवेदन पत्र **जिला शिक्षा अधिकारी, जिला बस्तर जगदलपुर, हाता ग्राउंड के पास रैम्बो हॉटल के सामने, जगदलपुर, पिन कोड–494001** के पते पर पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट के माध्यम से ही प्रेषित कर सकेंगें। अन्य माध्यमों से प्राप्त आवेदन पत्र मान्य नही किए जावेंगे। आवेदन जमा करने की **अंतिम तिथि** 11/04/25 **दिन** शुक्रवार **सांय 5:30** बजे तक होगी। समयावधि के पश्चात् प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

| क्र० | संविदा पद का नाम | मानदेय प्रतिमाह | विषय | आरक्षण वर्ग | स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों का नाम जहां पर दर्शित पदों में भर्ती की जानी है | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | जगदलपुर | बस्तर | तोकापाल | दरभा | करपावण्ड | किलेपाल | लोहण्डीगुड़ा | धरमपुरा | नानगुर | भानपुरी | बकावण्ड | माड़पाल | बड़े चकवा | करंजी | माझीगुड़ा चिंगपाल | करीतगांव | बास्तानार | अलनार | कुल रिक्त |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 |
| 1 | व्याख्याता | 38100/– | हिन्दी | अनारक्षित | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 2 | | | गणित (अंग्रेजी माध्यम) | अनारक्षित | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 3 | | | भौतिक (अंग्रेजी माध्यम) | अनारक्षित | 0 | 0 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 1 | 1 | 7 |
| 4 | | | जीव विज्ञान (अंग्रेजी माध्यम) | अनारक्षित | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 3 |
| 5 | | | रसायन (अंग्रेजी माध्यम) | अनारक्षित | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 1 | 1 | 0 | 0 | 1 | 4 |
| 6 | | | वाणिज्य (अंग्रेजी माध्यम) | अनारक्षित | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 1 | 6 |
| | | | | अ.ज.जा | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 1 | 1 | 1 | 7 |
| 7 | | | सा.विज्ञान (अंग्रेजी माध्यम) | अनारक्षित | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 1 |
| 8 | प्रधान पाठक | 38100/– | प्रधान पाठक पू. मा.शा. (अंग्रेजी माध्यम) | अनारक्षित | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 |
| 9 | | 35400/– | प्रधान पाठक प्राथ.शा. (अंग्रेजी माध्यम) | अनारक्षित | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 10 | शिक्षक | 35400/- | विज्ञान (अंग्रेजी माध्यम) | अनारक्षित | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 1 | 1 | **4** |
| | | | अंग्रेजी (अंग्रेजी माध्यम) | अनारक्षित | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 1 | 0 | **5** |
| | | | गणित (अंग्रेजी माध्यम) | अनारक्षित | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 1 | **4** |
| | | | संस्कृत (अंग्रेजी माध्यम) | अनारक्षित | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 | 0 | 0 | **2** |
| 11 | व्यायाम शिक्षक | 35400/- | व्यायाम शिक्षक | अनारक्षित | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 1 | 1 | **3** |
| 12 | कम्प्यूटर शिक्षक | 35400/- | कम्प्यूटर शिक्षक | अनारक्षित | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | **1** |
| 13 | सहायक शिक्षक | 25300/- | कला (अंग्रेजी माध्यम) | अनारक्षित | 0 | 1 | 1 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | **8** |
| | | | | अ.ज.जा | 0 | 1 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 | 0 | 0 | 1 | 1 | 1 | 1 | 0 | **9** |
| | | | विज्ञान (अंग्रेजी माध्यम) | अनारक्षित | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 | 1 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | **7** |
| | | | | अ.ज.जा | 2 | 1 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 2 | 2 | 2 | 2 | 1 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 1 | **25** |
| 14 | सहा. शिक्षक वि. प्रयोगशाला | 25300/- | सहा. शिक्षक वि. प्रयोगशाला सहा. (अंग्रेजी माध्यम) | अनारक्षित | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | **4** |
| | | | | अ.ज.जा | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 2 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 | **6** |
| 15 | लेखापाल/ सहायक ग्रेड 02 | 25300/- | लेखापाल/ सहायक ग्रेड 02 | अनारक्षित | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | **1** |
| 16 | ग्रंथपाल | 22400/- | ग्रंथपाल | अनारक्षित | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | **10** |
| 17 | सहायक ग्रेड 03 | 19500/- | सहायक ग्रेड 03 | अनारक्षित | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | **2** |
| 18 | भृत्य | 15600/- | भृत्य | अनारक्षित | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | **3** |
| | | | | अ.पि.व. | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | **2** |
| | | | | अ.ज.जा | 2 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | **3** |

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 19 | चौकीदार | 15800/- | चौकीदार | अनारक्षित | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 |
| योग :- | | | | | 11 | 4 | 9 | 11 | 6 | 7 | 4 | 5 | 8 | 6 | 7 | 2 | 6 | 8 | 10 | 7 | 12 | 11 | 134 |

**संविदा पदों हेतु पदवार न्यूनतम शैक्षणिक एवं अन्य आवश्यक योग्यताओं का विवरण :-**

(1) **व्याख्याता** – मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंको से संबंधित विषय में अंग्रेजी माध्यम से स्नातकोत्तर उपाधि के साथ बी0एड0 प्रशिक्षित। हिन्दी विषय के व्याख्याता हेतु अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा प्राप्त करने की बाध्यता शिथिल रहेगी।

(2) **प्रधान अध्यापक (पूर्व माध्यमिक शाला)**– मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंको से अंग्रेजी माध्यम से स्नातकोत्तर उपाधि के साथ बी0एड0 प्रशिक्षित तथा किसी शासकीय/अनुदान प्राप्त/अशासकीय अंग्रेजी माध्यम माध्यमिक विद्यालय में लगातार 05 वर्षों के अध्यापन कार्य का अनुभव।

(3) **प्रधान अध्यापक (प्राथमिक शाला)**– मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंको से अंग्रेजी माध्यम में स्नातक एवं बी0एड0/डी0एड0/डी0एल0एड0 प्रशिक्षित तथा किसी शासकीय/अनुदान प्राप्त/अशासकीय अंग्रेजी माध्यम प्राथमिक विद्यालय में लगातार 05 वर्षों के अध्यापन कार्य का अनुभव।

(4) **शिक्षक** – मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अंग्रेजी माध्यम में संबंधित विषय में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंको से स्नातक उपाधि एवं बी0एड0 प्रशिक्षित। (संस्कृत विषय के शिक्षक हेतु अंग्रेजी माध्यम से उत्तीर्ण होना अनिवार्य नहीं है किन्तु अभ्यर्थी की स्नातक परीक्षा में संस्कृत साहित्य एक विषय अनिवार्य रूप से रहा हो, इसी प्रकार से अंग्रेजी विषय के शिक्षक हेतु अभ्यर्थी की स्नातक परीक्षा में अंग्रेजी साहित्य एक विषय होना अनिवार्य है)।

(5) **कम्प्युटर शिक्षक** – मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंको से साथ अंग्रेजी माध्यम से बी.एस.सी. कम्प्यूटर साईस/बी.ई./बी.टेक. (कम्प्यूटर साईस/आई.टी.), बी.सी.ए. एवं अन्य समकक्ष योग्यता।

(6) **व्यायाम शिक्षक** – मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंको से अंग्रेजी माध्यम में स्नातक परीक्षा के साथ बी.पी.एड./डी.पी.एड. परीक्षा उत्तीर्ण।

(7) **सहायक शिक्षक कला/विज्ञान** – सहायक शिक्षक कला संकाय हेतु मान्यता प्राप्त बोर्ड से अंग्रेजी माध्यम में कला संकाय में कला/वाणिज्य विषय में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंको से उच्चत्तर माध्यमिक (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण एवं डी0एड0/ डी0एल0एड0 प्रशिक्षित तथा सहायक शिक्षक विज्ञान हेतु मान्यता प्राप्त बोर्ड से अंग्रेजी माध्यम में विज्ञान एवं गणित में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंको से उच्चतर माध्यमिक (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण एवं डी0एड0/ डी0एल0एड0 प्रशिक्षित।

(8) **सहायक शिक्षक विज्ञान प्रयोगशाला** – मान्यता प्राप्त बोर्ड से अंग्रेजी माध्यम में विज्ञान/गणित विषय में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंको से उच्चतर माध्यमिक (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण।

(9) **ग्रंथपाल** – मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंको से अंग्रेजी माध्यम में स्नातक परीक्षा के साथ बी. लिब./डी.लिब. परीक्षा उत्तीर्ण।

(10) **सहायक ग्रेड–02** – मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंको से अंग्रेजी माध्यम में स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण एवं शासकीय/अर्द्धशासकीय या मान्यता प्राप्त संस्था से कम्प्यूटर में पी.जी.डी.सी.ए. या समकक्ष योग्यता तथा कम्प्यूटर में हिन्दी एवं अंग्रेजी में टाईपिंग का 5000 (KEY) डिप्रेशन प्रतिघंटा गति।

(11) **सहायक ग्रेड–03** – मान्यता प्राप्त बोर्ड में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंको से अंग्रेजी माध्यम में बारहवीं (10+2) उत्तीर्ण एवं शासकीय/अर्द्धशासकीय या मान्यता प्राप्त संस्था से कम्प्यूटर में एक वर्षीय डिप्लोमा/प्रमाण पत्र या समकक्ष योग्यता तथा कम्प्यूटर में हिन्दी एवं अंग्रेजी में टाईपिंग का 5000 (KEY) डिप्रेशन प्रतिघंटा गति।

(11) **भृत्य** – कक्षा 8वीं परीक्षा में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंको से उत्तीर्ण एवं जिनकी अंकसूची में ग्रेड अंकित है उन अंकसूचियों में ग्रेड निर्धारण हेतु अंकों की सीमा अनिवार्य रूप से दर्शित हो साथ ही प्राप्तांक एवं पूर्णांक का भी स्पष्ट उल्लेख हो।

(12) **चौकीदार** – कक्षा 8वीं परीक्षा में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंको से उत्तीर्ण एवं जिनकी अंकसूची में ग्रेड अंकित है उन अंकसूचियों में ग्रेड निर्धारण हेतु अंकों की सीमा अनिवार्य रूप से दर्शित हो साथ ही प्राप्तांक एवं पूर्णांक का भी स्पष्ट उल्लेख हो।

**संविदा भर्ती के लिये पात्रता की शर्तेः– संविदा भर्ती में अभ्यर्थियों को निम्नलिखित शर्तें पूरी करनी होगीः–**

1– आवेदक की उम्र 01 जनवरी 2025 को न्यूनतम 21 वर्ष होनी चाहिए। आयु की गणना दिनांक 01 जनवरी 2025 की स्थिति में की जावेगी। उम्र की पुष्टि हेतु कक्षा 10 वीं की अंकसूची प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। उम्र में शासन के नियमानुसार अधिकतम आयु–सीमा में छूट का प्रावधान होगा। भृत्य एवं चौकीदार हेतु 8वीं की अंकसूची प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

2– यदि अभ्यर्थी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति या अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर–क्रीमिलेयर) का हो तो, उच्चतर आयु सीमा अधिकतम 05 वर्ष तक शिथिलनीय होगी। अभ्यर्थी को सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा अन्यथा विज्ञापन के तहत दर्शित छूट (आयु/आरक्षण) का लाभ प्रदाय नही होगा।

3– अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/ अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर–क्रीमिलेयर) के विवाहित महिला अभ्यर्थियों को अपने नाम के साथ पिता के नाम अंकित जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा एवं तद्नुसार जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत नही किये जाने पर इसे मान्य नही किया जावेगा।

4– छ0ग0 सिविल सेवा (महिलाओं की नियुक्ति के लिये विशेष उपबंध) नियम, 1997 के उपबंधों के अनुसार महिला अभ्यर्थियों के लिये उच्चतर आयु सीमा 10 वर्ष तक शिथिलनीय होगी।

5– अस्पृश्यता निवारण नियम, 1984 के अधीन अन्तर्जातीय विवाह प्रोत्साहन योजना के अन्तर्गत पुरस्कृत दंपत्तियों के संवर्ग पति/पत्नि के संबंध में उच्चतर आयु सीमा 05 वर्ष तक शिथिलनीय होगी।

6– राजीव पाण्डे पुरस्कार, गुण्डाधुर सम्मान, महाराजा प्रवीरचंद भंजदेव सम्मान तथा राष्ट्रीय युवा पुरूस्कार प्राप्त अभ्यर्थियों के संबंध में भी, उच्चतर आयु सीमा 05 वर्ष तक शिथिलनीय होगी।

7– आयु सीमा के संबंध में शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय–समय पर जारी दिशा निर्देश भी लागू होंगे।

8– कोई भी अभ्यर्थी, जिसने विवाह के लिये नियत की गई न्यूनतम आयु से पूर्व विवाह कर लिया हो, किसी सेवा या पद के लिये पात्र नही होगा।

9– संविदा नियुक्ति छ.ग. शासन द्वारा जारी नवीन प्रचलित संविदा नियुक्ति नियम 2012 में निहित शर्तो के अधीन होगी।

10–आवेदकों द्वारा अपनी संपूर्ण शिक्षा अंग्रेजी माध्यम से मान्यता प्राप्त विद्यालय/महाविद्यालय से पूर्ण किया जाना अनिवार्य होगा।

11–शिक्षक (संस्कृत/अंग्रेजी/गणित/विज्ञान) एवं सहायक शिक्षक (कला/विज्ञान) पद पर शिक्षक पात्रता परीक्षा **(TET)** उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जावेगी। तत्पश्चात् अन्य अभ्यर्थियों के चयन पर विचार किया जावेगा।

12–संस्कृत एवं हिन्दी विषय के व्याख्याता/शिक्षक अध्यापन हेतु अंग्रेजी माध्यम में अध्ययन/अध्यापन की बाध्यता शिथिल होगी।

13–व्याख्याता, सामाजिक विज्ञान विषय के अन्तर्गत स्नातकोत्तर राजनीति/इतिहास/अर्थशास्त्र/भूगोल विषय में अंग्रेजी माध्यम से शालेय एवं महाविद्यालयीन शिक्षा प्राप्त करने वाले स्नातकोत्तर तथा बी0एड0 की उपाधि रखने वाले अभ्यर्थी ही आवेदन कर सकते है।

14–निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप छान–बीन उपरान्त अभ्यर्थियों की सूची दावा–आपत्ति के लिए जिला शिक्षा अधिकारी के सूचना पटल पर चस्पा की जावेगी एवं उसे एन.आई.सी. के वेब–साईट– **www.bastar.gov.in** पर भी देखा जा सकेगा।

15–दावा–आपत्ति उपरान्त मेरिट अनुक्रम के आधार पर एक पद के विरूद्ध 5 अभ्यर्थियों (1:5) को साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जावेगा। जिस हेतु आवेदक के डाक पते पर सूचना पृथक से दी जावेगी। सभी आवेदक अपना मोबाईल–नम्बर (व्हाट्स–एप्प नम्बर) अपने आवेदन में अनिवार्य रूप से दर्शायें।

16–अभ्यर्थियों के न्यूनतम अहर्तादायी परीक्षा में प्राप्त अंकों का 80% एवं साक्षात्कार में पूर्णांक 20% में से प्राप्त अंकों के योग में से मेरिट सूची तैयार की जावेगी जिसके आधार पर अभ्यर्थियों का चयन मेरिट अनुक्रम के आधार पर किया जावेगा एवं भृत्य व चौकीदार पद के अभ्यर्थियों का साक्षात्कार नहीं लिया जावेगा, उनका चयन शैक्षणिक योग्यता में प्राप्तांकों के आधार पर मेरिट अनुक्रमान ड्डसार किया जावेगा।

17–सहायक ग्रेड– 02 एवं सहायक ग्रेड– 03 के पात्र अभ्यर्थियों के चयन हेतु साक्षात्कार के स्थान पर कौशल परीक्षा ली जावेगी। दावा–आपत्ति उपरान्त मेरिट अनुक्रम के आधार पर एक पद के विरूद्ध 5 अभ्यर्थियों (1:5) को कौशल परीक्षा हेतु आमंत्रित किया जावेगा।

18–आवेदन–पत्र के साथ संलग्न समस्त प्रमाण पत्रों को स्व–प्रमाणित किया जाना अनिवार्य होगा।

19–आवेदक को लिफाफा के उपर स्पष्ट शब्दों में आवेदित पद का नाम एवं विषय का नाम उल्लेखित करना अनिवार्य होगा। अपूर्ण एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन मान्य नहीं किये जायेगें। अमान्य आवेदनों के संबंध में पृथक से सूचना नहीं दी जायेगी।

20–आवेदन के साथ अभ्यर्थियों को **27/–**का डाक टिकट चस्पा किया हुआ स्वंय का वर्तमान निवास का पता लिखा **दो लिफाफे** संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा।

सी.

21–विज्ञापन तिथि के पूर्व अर्जित की गई शैक्षणिक एवं अन्य व्यवसायिक योग्यताएँ ही मान्य होगीं।

22–छ0ग0 के मूल निवासी होने के संबंध में सक्षम अधिकारी के द्वारा प्रदत्त प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।

23–शासन से प्राप्त निर्देशों के आधार पर मासिक संविदा–वेतन मानदेय देय होगा।

24–संविदा नियुक्ति 01 वर्ष के लिये होगी। तत्पश्चात् आवश्यकता होने पर कार्य योग्यता, कार्यक्षमता एवं व्यवहार के आधार पर शासन के निर्देशानुसार दोनों पक्षों की सहमति से कार्य अवधि आगामी वर्ष के लिए निरन्तर रखे जाने पर विचार किया जावेगा।

25–संविदा अवधि के दौरान एक माह की पूर्व सूचना या उसके एवज् में एक माह का मानदेय देकर नियुक्ति समाप्त की जा सकेगी।

26–एक से अधिक पद हेतु आवेदन करने की स्थिति में प्रत्येक पद हेतु पृथक–पृथक आवेदन करना होगा।

27–नियोक्ता प्राधिकारी द्वारा जारी प्रतीक्षा अनुक्रम सूची, जारी दिनांक से 01 वर्ष के लिये वैद्य रहेगी।

28–चयन के समय किसी पद पर समान अंक के अभ्यर्थी होने की स्थिति में जिस अभ्यर्थी की जन्मतिथि पहले की होगी उसका चयन किया जावेगा।

29–विज्ञापित पदों में वर्ष 2022 में की गई संविदा भर्ती के दौरान रिक्त रह गये पद समाहित है।

30–उपरोक्त विज्ञापित पदों के लिये की जाने वाली चयन उपरांत नियुक्ति माननीय उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली में दायर एस0एल0पी (सी) क्रमांक 019668/2022 में पारित होने वाले अंतिम आदेश/निर्णय के अध्यधीन रहेगा।

31–युगल उपाधि, संयुक्त उपाधि, दोहरी उपाधि के संबंध में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा जारी अधिसूचना क्र.फा. सं.4–1/2022(IC) दिनांक 02 मई 2022 के विनियम के अधीन होगी।

32–एक ही वर्ष में दो डिग्री के संबंध में निर्णय माननीय उच्च न्यायालय छ0ग0 बिलासपुर में दायर याचिका WPS No. 209 of 2020 व अन्य याचिका में दिये गये निर्णय अनुसार होगा।

33–आवेदन पत्र की उपलब्धता :– आवेदन पत्र का प्रारूप एवं विस्तृत जानकारी बस्तर जिले के वेबसाईट www.bastar.gov.in पर देखी जा सकती है। दावा आपत्ति/साक्षात्कार हेतु मेरिट सूची एवं चयन सूची भी वेब–साईट पर अपलोड किया जावेगा।

34–कलेक्टर एवं पदेन अध्यक्ष स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय समिति द्वारा पदों की संख्या घटाई, बढ़ाई अथवा विज्ञापन निरस्त भी किया जा सकेगा।

35–निर्धारित प्रारूप में आवेदन जमा करना अनिवार्य होगा अन्यथा की स्थिति में आवेदन निरस्त किया जावेगा।

36–संविदा भर्ती में किसी भी प्रकार के आपत्ति/विवाद का निराकरण कलेक्टर एवं पदेन अध्यक्ष स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय द्वारा लिया गया निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

**कलेक्टर एवं पदेन अध्यक्ष**
**संचालन प्रबंधन समिति**
**स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय**
**जिला–बस्तर**